## महत्वपूर्ण एवं खास

### शासकीय मदिरा दुकान के अहाता के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाईन टेंडर आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आबकारी विभाग छत्तीसगढ़ ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया है। अहातो हेतु इच्छुक निविदादाता निर्धारित प्रपत्र में आबकारी विभाग के वेबसाइट एक्साइज डॉट एनआईसी डॉट इन के रिसेंट पोस्ट (http://excise.cg.nic.in) में और राज्य शासन के वेबसाईट (सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन) के सूचना निर्देशिका एवं लिंक टेंडर्स http://cg state.gov.in/tenders में 25 अप्रैल 2024 को शाम 5:30 बजे तक टेंडर भर सकते है। इन ऑनलाईन पद्धति से प्राप्त निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन 26 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में किया जाएगा।

### मिक्सर मशीन ने युवक को कुचला,मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर के सिरगिट्टी में मिक्सर मशीन की चपेट मे आकर एक बाईक सवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार तिफरा सूर्यवंशी मोहल्ले का रहने वाला समीर सूर्या सोमवार को अपने घर से निकलकर अपनी बाईक में सिरगिट्टी की ओर निकला था इसी दौरान एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में युवक को सिर बुरी तरह कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आसपास के लोगों ने वाहन चालक को पकड$कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना देकर बुला लिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है।

### हमर अस्पताल के बाहर खड़ी एम्बुलेंस में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के भाठागांव क्षेत्र मे स्थित हमर अस्पताल में खड़ी 108 की गाडिय़ों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार भाठागांव स्थित हमर अस्पताल में पास 108 में चलने वाली 4 एम्बुलेंस खड़ी रहती है। ये एम्बुलेंस खराब पड़ी हुई थी। सोमवार को अचानक एक एम्बुलेंस में आग लग गई और इसके बाद पास खड़ी अन्य गाडिय़ो में भी आग फैल गई। आग फैलते देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसी सूचना दमकल विभाग को दी जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर गाडिय़ों में लगी आग को बुझाया। फिलहाल आग कैसे लगी इसका पता नही चला है। मामले की जांच की जा रही है।

### चुनाव प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**भानुप्रतापपुर (आरएनएस)।** कांकेर जिले में चुनाव प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया. मधुमक्खी के हमले से 20 अधिक कर्मचारी घायल हो गए हैं. घायलों में 6 कर्मचारियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है. वहीं मधुमक्खियों के हमले में घायल हुए कर्मचारियों से मिलने भानुप्रतापपुर एसडीएम अस्पताल पहुंचीं. मिली जानकारी के अनुसार, भानुप्रतापपुर के सेंट जोसेफ स्कूल में लोकसभा चुनाव के लिए लगभग 400 कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे थे. इस दौरान कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया. मधुमक्खियों के हमले से 20 से अधिक कर्मचारी घायल हुए हैं. 6 गंभीर रूप से घायलों कर्मचारियों को भानुप्रतापपुर अस्पताल में भर्ती किया गया. सभी का ईलाज जारी है.

# आदर्श आचार संहिता के पालन करते हुए करें प्रचार-प्रसार

- सुविधा एप के माध्यम से करें अनुमति संबंधित आनलाइन आवेदन
- निर्धारित तिथियों में कराएं व्यय लेखा का अवलोकन





**रायगढ़**

सोमवार की शाम 4 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लडऩे वाले सभी अभ्यर्थियों की बैठक ली गई। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार-प्रसार, मतयाचना करने की बात कहते हुए निर्धारित तिथि पर व्यय लेखा अवलोकन कराने हेतु कहा गया।

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना ही इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें सभी को एक दूसरे पर व्यक्तिगत आक्षेप, आरोप प्रत्यारोप से बचना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.सिंह ने ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ईवीएम और वीवीपैट का विधानसभावार रेडमाइज्ड किया गया है। इसके बाद मतदान केंद्रों के अनुसार ईवीएम एवं वीवीपैट को आबंटन किया जाएगा। इसके ट्रांसपोर्ट करने की तिथि और रूट चार्ट की भी जानकारी सभी अभ्यार्थियों को दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी फोन अथवा मोबाइल या सर्किट हाऊस स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर निष्पक्ष रूप से रखने की बात कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी समान हैं। इसके लिए निष्पक्ष रूप से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने आचार संहिता का पालन करते हुए वाहन, रैली, सभा एवं कार्यक्रम सहित प्रचार सामग्री की निर्धारित फार्मेट में अनुमति लेने की बात कही। व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने लेखा जोखा व्यय एवं संभावित दायरे की जानकारी देते हुए व्यय लेखा जोखा का अवलोकन निर्धारित तिथियों पर कराने की बात कही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को ईवीएम का सेकेण्ड रेण्डमाइजेशन होगा एवं 26 अप्रैल को रायगढ़, लैलूंगा एवं खरसिया का केआईटी में एवं धरमजयगढ़ विधानसभा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)में ईवीएम की कमीशनिंग होगी। माकपोल प्रत्येक मतदान केंद्रों में होगा। अभ्यर्थियों द्वारा खुलवाए गए बैंक खातों से व्यय करना होगा। उन्होंने बताया कि व्यय लेखा जोखा व अवलोकन के लिए सभी अभ्यर्थी अलग से प्रतिनिधि रख सकते हैं। वाहन की अनुमति दो प्रति में प्राप्त होगी, जिसकी एक प्रति वाहनों में चस्पा करना अनिवार्य होगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के अनुसार पाम्पलेट आदि प्रचार सामग्री में मुद्रक व संख्या लिखना अनिवार्य होगा। अधिनियम 1951 की धारा 123 भारतीय दंड संहिता 171 ख से 171 झ में प्रलोभन देना अपराध है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन, प्रलोभन आदि की शिकायत सी- विजिल एप अथवा 1950 पर काल के माध्यम से करने की बात कही गई। इसी तरह स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के शामिल होने या स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के नाम लेने पर समस्त व्यय अभ्यर्थियों के खाते में जोड़ दिया जाएगा। इलेक्ट्रानिक विज्ञापन के लिए एमसीएमसी से अनुमति लेना अनिवार्य होाग। एमसीएमसी द्वारा पेड न्यूज की निगरानी की जाएगी। बैठक में सभी अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

**रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर प्रतिबंधित**

कलेक्टर गोयल ने कहा कि रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर से प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रचार के लिए सिर्फ लाउड स्पीकर की अनुमति दी जाती है। इसमें किसी भी तरह के पावर जोन स्पीकर के उपयोग पर उसे जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

**तीन तिथियों में कराना होगा व्यय लेखा अवलोकन**

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों के लिए 95 लाख रुपए खर्च करने की सीमा तय है। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि 25 अप्रैल, 30 अप्रैल और 6 मई 2024 को व्यय लेखा का अवलोकन कराना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा अवलोकन नहीं कराने पर अभ्यर्थियों को नोटिस जारी की जाएगी, जिसका जवाब उन्हें 48 घंटे के भीतर देना होगा। नोटिस के जवाब नहीं देने पर निर्वाचन आयोग द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों पर अयोग्यता संबंधित कार्रवाई के साथ समस्त अनुमतियां निरस्त की जा सकेगी।

## विकासखंड रायगढ़ के शासकीय शाला में समर कैंप का हुआ आयोजन

**रायगढ़**




विकासखंड में परीक्षा उपरांत शाला में बच्चों की उपस्थिति बनाये रखने तथा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोडऩे के उद्देश्य से समर कैंप का संचालन स्व-प्रेरित शिक्षकों के द्वारा शालाओं में किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा अकादमिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिस हेतु बीते दिनों के एक अकादमिक बैठक का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया था। जिसमें बच्चों के संग मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) को लेकर प्रतिदिन आयोजित किए जा सकने वाली गतिविधियों के साथ-साथ कला, खेल-कूद की गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। जिसके तहत कई शालाओं ने इस प्रक्रिया का संचालन अपनी शाला में शुरू किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों के साथ हिन्दी, गणित एवं कला से जुड़ी कई गतिविधि संचालित हो रहे है जैसे-कहानी सुनना-सुनाना, शब्द के कहानी बनाना, अधूरी कहानी को पूरा करना, शिक्षण अधिगम सामग्री या गतिविधि से संख्या ज्ञान या संक्रिया, कार्यपत्रक का उपयोग, मिट्टी के खिलौने का निर्माण, कागज के खिलौने का निर्माण, कहानी पर चित्र निर्माण आदि शामिल है।

## खराब खाद्य और औषधि की शिकायत के लिए हेल्पलाइन 9340597097 जारी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन 9340597097 जारी किया गया है। बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करने से मितली आती है। इस कारण आइस्क्रीम खाने पर उल्टी, मितली आने की स्थिति में, लेबलिंग नहीं पाने, किसी भी प्रोडक्ट में एक्सपायरी डेट नहीं लिखने, होटल, ढाबा, ठेला द्वारा खाद्य लाइसेंस, पंजीयन नहीं और साफ सफाई की कमी होने पर, इसके साथ साथ दवाई, खराब, नुकसानदेह, जहरीला, बासी, सड़े गले फल, मूल, मांस, मछली, खाद्य एवं पेय पदार्थ से सम्बंधित कोई भी शिकायत के लिए आम नागरिक हेल्पलाइन नम्बर 9340597097 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सीएमएचओ ने सीएचसी लैलूंगा में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

**रायगढ़**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां के सभा कक्ष में बैठक लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण, गर्भवती पंजीयन, कुष्ठ मलेरिया महामारी जैसे उल्टी, दस्त से बचने के उपाय, मातृ मृत्यु-शिशु मृत्यु दर पर रोक, एच आई वी जाँच, सिकलसेल जाँच, कैंसर ब्रेस्ट कैंसर, मुख कैंसर, सरवायकल कैंसर, रक्त चाप, शुगर जाँच के संबंध में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु उपायों पर गहराई से समीक्षा कर निर्देश दिए।

सीएमएचओ ने बढ़ती गर्मी व लू से बचाव हेतु लू के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावधानी रखने से काफी हद तक लू के चपेट से बचा जा सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप व शरीर में पानी की कमी है। सामान्यत: दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप तेज होती है इस दौरान संभव हो सके तो धूप में जाने से बचे और पानी अधिक मात्रा में पियें। खाने में फल, जूस, दही एवं अन्य तरल पदार्थों आदि भी अधिक से अधिक मात्रा में पीने के लिये आम जनों को समझाईश दिये जाने के लिये तथा समस्त कर्मचारी को अपने मुख्यालय में रहकर ही हितग्राहियों का स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल, डॉ दिनेश नायक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.लखन लाल पटेल, डॉ.डी.एस.पैंकरा, विकासखंड प्रबंधक अश्वनी साय, बी.डी.एम रवि चौधरी, बी.ई.टी.ओ पी.एस. पटनायक एवं समस्त सुपरवायजर, आर.एच.ओ महिला/ पुरूष तथा सी.एच.ओ उपस्थित रहे।

## सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह पहुंचे केआईटी स्ट्रांग रूम परिसर

- निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- मतदान दल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी
- मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, निर्वाचक नामावली का किया अवलोकन

**रायगढ़**

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह आज केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य संपन्न कराने हेतु मशीनों के आवागमन, मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था, आवश्यक मूवमेंट, मतगणना स्थल एवं पहुंच मार्ग जैसे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।



सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम परिसर गढ़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में मशीनों के रखने के पश्चात जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए चस्पा हस्ताक्षर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में सुरक्षा हेतु लगाए गए सीसी टीवी कैमरे की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने पर अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बताया कि चारों विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ ही सिक्योरिटी हेतु फोर्स भी तैनात किए गए है। इसी प्रकार मशीनों के मूवमेंट के लिए विधानसभावार अलग-अलग कॉरिडोर तय किया गया है। कॉरिडोर में अभ्यर्थियों के आवाजाही हेतु आवश्यक बेरिकेटिंग सुनिश्चित की जाती है, ताकि अन्य विधानसभाओं के कक्ष अनावश्यक प्रभावित न हो। सामान्य प्रेक्षक डॉ.सिंह ने विधानसभाओं के लिए बनाए गए मतगणना स्थल एवं टेबुलेशन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसी टीवी कैमरा के मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं कॉरिडोर में लगे सीसी टीवी कैमरे का अवलोकन किया। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरे के निगरानी हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इसी प्रकार सामग्री वितरण हेतु परिसर में विधानसभावार स्टॉल के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था की जाती है।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, डीएसपी अखिलेश कौशिक, जिला सेनानी नगर सेना बी.कुजूर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी एम.एस.नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**

सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.अंशज सिंह ने रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने जतन केन्द्र स्थित संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 113, स्टेडियम परिसर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 57, 55 तथा आयुष अस्पताल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 75, 75, 81 एवं 110 पहुंचे। यहां उन्होंने बीएलओ से निर्वाचक नामावली की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विलोपित नामों के संबंध में जानकारी लेने पर संबंधित बीएलओ ने बताया कि व्यक्ति के स्थानांतरण, मृत अथवा विवाह होने के पश्चात उनके आवेदन के फलस्वरूप विलोपित किया गया। इस दौरान उन्होंने पर्ची वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि पर्ची वितरण का कार्य जारी है, जो अतिशीघ्र पूर्ण हो जाएगा।

## 8 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष

- कलेक्टर ने एसडीएम को दिए उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन के निर्देश

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टर कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में उपार्जित धान के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही।

कलेक्टर गोयल ने खाद्य विभाग, उप आयुक्त पंजीयक, जिला विपणन अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों के संयुक्त बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के कुल 16 धान उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव शेष है, जिनमें से 08 उपार्जन केन्द्रों में स्वीपेज प्रावधान के बाद भी धान उठाव शेष परिलक्षित हो रहा है, ऐसे धान उपार्जन केन्द्रों के भौतिक सत्यापन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को 02 दिवस में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा भौतिक सत्यापन में धान की कमी के कारण शासन को होने वाली वित्तीय हानि की वसूली संबंधित समिति के कर्मचारियों एवं सुसंगत व्यक्तियों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक रायगढ़ को सख्त निर्देश दिये। शेष 08 उपार्जन केन्द्रों से भौतिक रूप से उपलब्ध धान को 03 दिवस के भीतर उठाव किये जाने के समयावधि निर्धारित की गई है। बैठक में डीआरसीएस सी.एस. जायसवाल, डीएमओ प्रवीण पैकरा, नोडल अपेक्स बैंक पंकज सोढ़ी, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आगामी मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने तैयार किया रूपरेखा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी स्वीप कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक लिया। कलेक्टर ने अब तक हो चुके मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्णक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं, लोगों तक उसका क्या प्रभाव पड़ा है। इस पर भी ध्यान देना होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। कलेक्टर को सभी अधिकारियों ने अभी तक हुए विभागीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर माइक्रो प्लानिंग करते हुए कौन-कौन व्यक्ति वोट नहीं डाला है। उनका डाटा निकाल कर उनको चिन्हित कर प्रेरित करने के लिए कहा। यह भी निगरानी करना है कि इससे मतदान कार्य कितना हो रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कितना प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इसके अलावा पलायन के लिए दूसरे राज्य या जिलों में कार्यरत लोगों को चिन्हित कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दिए। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने आगामी वृहद स्वीप कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी जिसमें आनलाइन शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं रिले रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने आगामी सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनके उचित प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, समस्त सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।


## बाइक सवार ने तलवार लहराकर फैलाया आतंक : गिरफ्तार

**अंबिकापुर-रायपुर ।**
आरएनएस

बतौली पुलिस ने चोरी के मोटरसायकल में तलवार लहराकर आमनागरिकों कों आतंकित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल एवं तलवार बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध सरगुजा जिले के विभिन्न थाना में चोरी, डकैती आदि घटनाओं में कई आपराधिक दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार को थाना बतौली पुलिस टीम कों मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम शिवपुर में थाना बतौली छेत्र का आदतन अपराधी अमेरिकन सिंह पैकरा एक काले रंग की मोटरसायकल मे आकर लोहे की तलवार को लहराते हुए आमनागरिकों कों आतंकित कर रहा हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर मौके पर रवाना होकर आरोपी की घेराबंदी कर पकडक़र आरोपी के कब्जे में रखे लोहे के तलवार को जब्त किया गया, एवं आरोपी से पूछताछ किये जाने पर अपना नाम अमेरिकन सिंह पैकरा (24) मानपुर थाना बतौली का होना बताया। आरोपी के कब्जे में रखे वाहन एवं तलवार के बारे में पूछताछ किये जाने पर उपरोक्त मोटरसायकल को लैलूंगा रायगढ़ से चोरी कर रखना एवं उक्त मोटरसायकल में लोहे का तलवार लेकर आमनागरिकों को आतंकित करना स्वीकार किया गया।

## कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का निशुल्क प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**



रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 02 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। वाट्सअप नंबर 7974942078,8656919787,7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480